तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, बुधवार 17 दिसंबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



12 मतदाता सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया, दावा–आपत्ति और विशेष …



11 केशतरा में विकासखंड स्तरीय महिला खेलकूद …





## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th/ 12th/ स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धत कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकलो प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएना प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 **पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चोक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

Advt.


## खबर संक्षेप

### मोटर सायकिल भिड़ंत पंचायत सचिव का टूटा पैर



**नांदघाट।** रोड क्रास करते समय अकोली पंचायत के सचिव केशवकांत रायपुर की ओर से आ रही मोटर सायकल क्र. सीजी 07 सीके 3161 के चपेट में आ गए। जिससे उनके बाए पैर की हड्डी टूट गई। वे अपने अतिरिक्त प्रभार मुर्रा पंचायत से अकोली पंचायत मुख्यालय आ रहे थे। उनको तत्काल भाटापारा के निजी अस्पताल में उपचारार्थ भर्ती करवाया गया है। सरपंच सुनिता निषाद उपसरपंच रोहित निषाद ने उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि दूसरी मोटर सायकल के सवारों को भी अच्छी खासी चोट आयी।

### खम्हरिया पुलिस ने फरार आरोपी को किया गिरफ्तार



**बेमेतरा।** जिले में फरार आरोपियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना खम्हरिया पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। थाना खम्हरिया पुलिस टीम ने माननीय न्यायालय द्वारा जारी स्थायी वारंट के तहत फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रकरण क्रमांक 1699/2024, धारा 74, 75 (1) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत फरार स्थायी वारंटी दीपक वाहने, पिता गोविंद वाहने, उम्र 35 वर्ष, निवासी थान खम्हरिया, थाना खम्हरिया, जिला बेमेतरा को 16 दिसम्बर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध जारी स्थायी वारंट की तामील करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी खम्हरिया निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, सउनि कृष्ण कुमार क्षत्री, आरक्षक लेखराम सिन्हा, सौरभ सिंह, बलदेव निषाद सहित थाना खम्हरिया के समस्त पुलिस स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस प्रशासन द्वारा फरार आरोपियों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रखने की बात कही गई है।

### जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 29 को

**बेमेतरा।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक का आयोजन 29 दिसंबर किया जाएगा। यह बैठक दोपहर 12 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित होगी। बैठक को लेकर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा संबंधित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को सूचना जारी कर दी गई है। सामान्य सभा की इस महत्वपूर्ण बैठक में जिले के समग्र विकास, जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन एवं विभिन्न विभागों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की जाएगी। बैठक में सांसद लोकसभा क्षेत्र दुर्ग, विधायकगण, जिला पंचायत अध्यक्ष/उपाध्यक्ष, सदस्यगण, जनपद पंचायत अध्यक्ष, सांसद एवं विधायक प्रतिनिधि सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। बैठक के एजेंडा में विद्युत विभाग की जानकारी एवं समीक्षा, जल संसाधन विभाग की समीक्षा, कृषि विभाग की ⏩ शेष पेज 11 पर

### 1 जनवरी 2026 से सभी शासकीय कार्य ई-ऑफिस प्रणाली से होंगे संचालित

# लोक शिकायतों के निराकरण में संवेदनशीलता और मानवीय दृष्टिकोण अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ⏩ बेमेतरा

कलेक्टर रणवीर शर्मा ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों की समय-सीमा की समीक्षा बैठक लेकर जिले में संचालित विभिन्न विभागीय योजनाओं, जनकल्याणकारी कार्यक्रमों एवं लोक शिकायतों के निराकरण की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

■ समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने की विभागीय योजनाओं और सुशासन सप्ताह की तैयारियों की गहन समीक्षा

बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री शर्मा ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि लोक शिकायतों के निराकरण में संवेदनशीलता और मानवीय दृष्टिकोण का परिचय दें। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। संबंधित हितग्राही की समस्या को गंभीरता से सुनते हुए समय-सीमा के भीतर समाधान सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि संवेदनशीलता और मानवीय संवेदना के साथ किया गया कार्य लंबे समय तक याद रखा जाता है।



उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि कोई भी ऐसा कार्य न किया जाए, जिससे सामाजिक जीवन पर नकारात्मक प्रभाव पड़े। लोक सेवक होने के नाते सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की यह जिम्मेदारी है कि वे जनहित के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

#### 1 जनवरी 2026 से ई-ऑफिस प्रणाली अनिवार्य

बैठक में कलेक्टर शर्मा ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी 1 जनवरी 2026 से शासकीय कार्यालयों का संपूर्ण कार्य संचालन ई-ऑफिस क्रियान्वयन प्रणाली के माध्यम से किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ऑफलाइन माध्यम से फाइलों के संचालन से बचें और डिजिटल प्रणाली को पूर्ण रूप से अपनाएं।कलेक्टर ने बताया कि ई-ऑफिस पद्धति एक आधुनिक, पारदर्शी और प्रभावी प्रणाली है, जिसके माध्यम से कार्यालयीन कार्य अधिक कुशलता से संपन्न किए जा सकते हैं। ई-ऑफिस के माध्यम से सभी दस्तावेज डिजिटल रूप में सुरक्षित रखे जाते हैं, जिससे उनकी खोज और साझा करना आसान होता है।

फाइलों का ऑनलाइन प्रेषण होने से समय की बचत होती है और कागज के उपयोग में कमी आती है। उन्होंने कहा कि ई-ऑफिस प्रणाली से कार्यों की स्थिति को ट्रैक किया जा सकता है, जिससे पारदर्शिता बढ़ती है। साथ ही मजबूत सुरक्षा व्यवस्था के कारण डाटा सुरक्षित रहता है। यह प्रणाली कहीं से भी और कभी भी कार्यालयीन कार्य संपन्न करने की सुविधा प्रदान करती है, जिससे प्रशासनिक दक्षता में वृद्धि होती है और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलता है।

#### आधार सक्षम बायोमेट्रिक प्रणाली से दर्ज होगी उपस्थिति

कलेक्टर श्री शर्मा ने शासन के निर्देशानुसार 1 जनवरी 2026 से सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों की उपस्थिति आधार सक्षम बायोमेट्रिक प्रणाली से दर्ज कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने बताया कि आधार आधारित अटेंडेंस प्रणाली एक आधुनिक, सुरक्षित और विश्वसनीय व्यवस्था है, जिसमें आधार कार्ड में संग्रहित बायोमेट्रिक डाटा (फिंगरप्रिंट अथवा आईरिस स्कैन) के माध्यम से उपस्थिति दर्ज की जाती है। इस प्रणाली से कर्मचारियों की पहचान सुनिश्चित होती है और किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी की संभावना समाप्त होती है। साथ ही उपस्थिति की नियमित निगरानी संभव होती है, जिससे प्रशासनिक अनुशासन को मजबूती मिलती है।

⏩ शेष पेज 11 पर

## पुलिस ने बढ़ाई बैंक व एटीएम की सुरक्षा, जिलेभर में सघन चेकिंग व लगातार पेट्रोलिंग



हरिभूमि न्यूज ⏩ बेमेतरा

जिले में बैंक व एटीएम की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस द्वारा सघन चेकिंग एवं लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देश पर समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को बैंकों व एटीएम के आसपास सतत निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस टीम द्वारा बैंकों में सुरक्षा गार्ड, अलार्म सिस्टम, सीसीटीवी कैमरे, फायर सेफ्टी सिस्टम की जांच की गई तथा संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।

■ सघन चेकिंग और लगातार पेट्रोलिंग के निर्देश

बैंक प्रबंधन को निर्देशित किया गया है कि बैंक के अंदर आने-जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति पर सतर्क दृष्टि रखें, बैंक के अंदर व बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे चालू स्थिति में रहें तथा बैंक के खुलने व बंद होने का निर्धारित समय सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही बैंक सायरन चालू अवस्था में रखने, बैंक अधिकारियों के पास नजदीकी थाना, पुलिस कंट्रोल रूम एवं आपातकालीन नंबर उपलब्ध रखने तथा उन्हें बैंक पटल पर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया कि कोई भी व्यक्ति चेहरा ढककर, हेलमेट या स्कार्फ पहनकर बैंक परिसर में प्रवेश न करे, इसके लिए बाहर सूचना बोर्ड अनिवार्य रूप से लगाया जाए।

रात्रि के समय बैंक व एटीएम परिसरों में सुरक्षा गार्ड की तैनाती तथा पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी विशेष जोर दिया गया है। पुलिस प्रशासन ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को दें।

## धान खरीदी में परिवहन व्यवस्था बनी बड़ी बाधा

हरिभूमि न्यूज ⏩ बेमेतरा/मारो



15 नवंबर से प्रारंभ हुई धान खरीदी इस वर्ष भी परिवहन व्यवस्था की लापरवाही की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। जिले के तीन दर्जन से अधिक धान खरीदी केंद्र बफर लिमिट पार कर चुके हैं, लेकिन परिवहन व्यवस्था अब तक सुचारू रूप से शुरू नहीं हो पाई है, जिससे खरीदी और तौल की प्रक्रिया पर सीधा असर पड़ रहा है। जिले के 129 धान खरीदी केंद्रों में प्रतिदिन तौल जारी है। धान की तेज आवक को देखते हुए समिति प्रबंधन द्वारा लगातार स्टेक तैयार किए जा रहे हैं, बावजूद इसके परिवहन के अभाव में केंद्रों में बफर स्टॉक खतरनाक स्तर तक पहुंचता जा रहा है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के नोडल अधिकारी राजेंद्र वारे ने स्पष्ट किया है कि बफर लिमिट पार कर चुके केंद्रों की जानकारी जिला विपणन अधिकारी को समय रहते उपलब्ध करा दी गई है, लेकिन इसके बाद भी न तो जिला प्रशासन और न ही विपणन विभाग ने परिवहन शुरू करने को लेकर कोई ठोस कार्ययोजना बनाई है। इससे विभागीय उदासीनता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।यदि हालात ऐसे ही बने रहे तो आने वाले दिनों में धान रखने की जगह ही नहीं बचेगी। विगत वर्ष की तरह इस बार भी समय पर परिवहन नहीं होने से बारदाना संकट, फड़ प्रबंधन और स्टेकिंग की समस्या गहराने की आशंका है। बफर स्टॉक जिस रफ्तार से बढ़ रहा है, उससे हालात और बिगड़ सकते हैं।

■ तीन दर्जन से अधिक केंद्र बफर लिमिट से पार

#### बफर लिमिट से अधिक भर चुके हैं समिति केंद्र

इधर मारो ब्रांच के अंतर्गत बुंदेला, मारो, चक्रवाय और गुंजेरा सहित सभी उपार्जन केंद्रों में अब तक डीओ नहीं कट पाया है। वहीं प्रतापपुर ब्रांच के रनबोड, छिरहा एवं प्रतापपुर समिति केंद्र पहले ही बफर लिमिट से अधिक भर चुके हैं। यदि शीघ्र परिवहन व्यवस्था शुरू नहीं की गई तो किसानों को खरीदी केंद्रों में घंटों इंतजार करना पड़ेगा, साथ ही खुले में रखे धान के सुरक्षित भंडारण को लेकर भी गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा। यह स्थिति प्रशासन की कार्यप्रणाली पर बड़ा प्रश्नचिह्न है।

## सालों से सूखा पड़ा बांध, युवा सरपंच ने किसानों के हक में बुलंद की आवाज

हरिभूमि न्यूज ⏩ बेमेतरा/बेरला

जनपद पंचायत बेरला अंतर्गत ग्राम पंचायत आनंदगांव में किसानों की सिंचाई जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से करोड़ों रुपये की लागत से बनाया गया बाँध आज अपने अस्तित्व और उद्देश्य दोनों पर सवाल खड़ा कर रहा है। गांव के युवा सरपंच चंदन नायक ने बाँध की बदहाल स्थिति पर गहरी चिंता जताते हुए किसानों के हित में इसे लेकर प्रशासन और संबंधित विभागों के समक्ष आवाज उठाई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आनंदगांव में यह बाँध वर्ष 2008 में लगभग 1.5 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित किया गया था। उस समय इसे क्षेत्र के किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजना के रूप में देखा गया था। वर्तमान में यदि इसी बाँध का निर्माण किया जाए तो इसकी अनुमानित लागत 5 से 10 करोड़ रुपये तक आंकी जा रही है।

#### करोड़ों की सिंचाई योजना बनी शो-पीस



करीब 1.5 किलोमीटर लंबा यह बाँध आज वर्षों की उपेक्षा और रखरखाव के अभाव में पूरी तरह निष्क्रिय होता नजर आ रहा है।

**डेढ़ फुट तक पानी नहीं हो पा रहा संग्रहित :** स्थिति यह है कि अच्छी बारिश के बावजूद बाँध में डेढ़ फुट तक पानी संग्रहित नहीं हो पा रहा। परिणामस्वरूप बाँध से सटे क्षेत्रों के छोटे और सीमांत किसानों के खेत सूखे पड़े हैं। किसानों को न तो रबी फसल के लिए पर्याप्त सिंचाई जल मिल पा रहा है और न ही कोई वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध है। युवा सरपंच चंदन नायक का कहना है कि यदि समय रहते बाँध का गहरीकरण, जीर्णोद्धार तथा इससे जुड़े बरसाती जल स्त्रोतों का समुचित प्रबंधन किया गया होता, तो यह परियोजना आज पूरे क्षेत्र के लिए वरदान साबित हो सकती थी। लेकिन विभागीय उदासीनता और वर्षों से मरम्मत न होने के कारण यह बाँध किसानों के किसी काम का नहीं रह गया है।

#### बांध की जांच करवाकर कराएं जीर्णोद्धार: सरपंच

सरपंच ने सिंचाई (इरिगेशन) विभाग एवं जिला प्रशासन से मांग की है कि बाँध की तकनीकी जांच कराकर शीघ्र जीर्णोद्धार कार्य प्रारंभ किया जाए। साथ ही जल संग्रहण क्षमता बढ़ाने के लिए आवश्यक संरचनात्मक सुधार किए जाएं, ताकि आगामी फसली सीजन में किसानों को वास्तविक सिंचाई लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि यदि करोड़ों रुपये की लागत से बनी इस सिंचाई संरचना का सही और योजनाबद्ध उपयोग किया जाए, तो इससे न केवल किसानों की आय में वृद्धि होगी, बल्कि गांव की संपूर्ण कृषि व्यवस्था भी सशक्त होगी। अब देखना यह है कि प्रशासन इस गंभीर मुद्दे पर कितनी तत्परता से कदम उठाता है।

### कलेक्टर का आदेश भी बेअसर, जांच रिपोर्ट पर कार्रवाई शून्य

# देवकर नगर पंचायत में भ्रष्टाचार की जांच ठंडे बस्ते में

हरिभूमि न्यूज ⏩ देवकर

नगर पंचायत में हुए बहुचर्चित भ्रष्टाचार के मामले में प्रशासनिक उदासीनता एक बार फिर सवालों के घेरे में है। अगस्त 2025 में गौरव पथ देवकर में कराए गए आरसीसी निर्माण कार्य में बिना अनापत्ति प्रमाण पत्र के गुणवत्ता विहीन सामग्री से निर्माण किए जाने की पूरी प्रमाणिकता के साथ शिकायत की गई थी। इस गंभीर मामले को लेकर दैनिक समाचार पत्रों में लगातार प्रमुखता से खबरें प्रकाशित होती रहीं, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई।

शिकायत सामने आने के बाद कलेक्टर बेमेतरा द्वारा जांच के निर्देश तो दिए गए, लेकिन जांच अधिकारियों की निष्क्रियता ने पूरे मामले को औपचारिकता तक सीमित कर दिया। कलेक्टर कार्यालय और जांच अधिकारियों के बीच पत्राचार का खेल चलता रहा, वहीं दूसरी ओर निर्माण एजेंसी को साक्ष्य हटाने का भरपूर अवसर मिलता गया। विलंब से जब जांच अधिकारी मौके पर पहुंचे, तब तक कई अहम साक्ष्य हटाए जा चुके थे। इसके बावजूद कार्य स्थल पर मौजूद निर्माण स्वयं यह बयां कर रहा है कि गुणवत्ता मानकों की खुली अनदेखी की गई है।

**भौतिक सत्यापन में भी आरोप सिद्ध:** शिकायतकर्ता द्वारा लगाए गए आरोप भौतिक सत्यापन में भी सही पाए जा रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि एक भी ऐसा पक्ष सामने नहीं आया है जो नगर पंचायत देवकर या निर्माण एजेंसी के पक्ष में जाता हो। इसके बाद भी जांच अधिकारियों ने ऐसा कौन-सा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिसके आधार पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई—यह बड़ा प्रश्न बना हुआ है।




विधायक तक पहुंची बात, फिर भी परिणाम शून्य

पूरे घटनाक्रम की जानकारी क्षेत्रीय विधायक ईश्वर साहू को भी दी जा चुकी है, लेकिन परिणाम जस का तस बना हुआ है। यह मामला केवल देवकर नगर पंचायत तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे बेमेतरा जिले में प्रशासनिक कार्यशैली की एक बानगी बन चुका है।


#### पुराने मामलों से मिलती है तस्वीर

जिले में इससे पहले भी ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं। 2007 के फर्जी शिक्षाकर्मियों का मामला इसका बड़ा उदाहरण है, जहां न्यायालयीन आदेशों के विपरीत आज भी अधिकारियों की कृपा से पुनर्नियुक्ति पाकर लोग नौकरी कर रहे हैं। यही कारण है कि देवकर का यह मामला भी "सांप-छुछुंदर" के खेल में फंसा हुआ नजर आ रहा है।

**जनहित में प्रशासन से अपेक्षा:** यह मामला सीधे-सीधे जनधन, सार्वजनिक निर्माण की गुणवत्ता और जवाबदेही से जुड़ा है। प्रशासन से अपेक्षा है कि वह जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करे, दोषियों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करे और यह साबित करे कि कानून सबके लिए समान है। यदि इस मामले में शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो यह संदेश जाएगा कि बेमेतरा जिले में भ्रष्टाचार पर आदेश भारी नहीं, बल्कि अधिकारी भारी हैं।

### रोड क्रॉस करते समय मोटरसाइकिल की चपेट में आए केशवकांत

**नांदघाट।** रोड क्रास करते समय अकोली पंचायत के सचिव केशवकांत रायपुर की ओर से आ रही मोटर सायकल (सीजी 07 सीके 3161) के चपेट में आ गए। जिससे उनके बाए पैर की हड्डी टूट गई। वे अपने अतिरिक्त प्रभार मुर्रा पंचायत से अकोली पंचायत मुख्यालय आ रहे थे। उनको तत्काल भाटापारा के निजी अस्पताल में उपचारार्थ भर्ती करवाया गया है। सरपंच सुनिता निषाद उपसरपंच रोहित निषाद ने उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि दूसरी मोटर सायकल के सवारों को भी अच्छी खासी चोट आयी।



## खबर संक्षेप



### पोस्टर स्पर्धा में मनीषा विजेता

**अर्जुनी।** स्थानीय नवीन शासकीय महाविद्यालय में 16 दिसंबर को प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के निर्देशन में विज्ञान संकाय ने राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया। समन्वयक डॉ हेमलता विरदी एवं निर्णायकों ने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए पोस्टरों का मूल्यांकन कर परिणाम घोषित किया। स्पर्धा में प्रथम स्थान मनीषा, द्वितीय योगेश एवं तृतीय स्थान प्राची ने प्राप्त किया। आयोजन के दौरान अतिथि व्याख्याता कंचन साहू, चंद्रकांत कुंभकार, खेलन साहू, संजूसिंह, चांदनी पराते, शुभि जैन, योगिता ठाकुर, ओमप्रकाश सहारे, ज्ञानेश्वर देवांगन, क्रीड़ाधिकारी मोनिश खान, ग्रंथपाल हिमानी साहू उपस्थित थे।

### भुरभुसी में मितानिन सम्मानित



**सड़क अतरिया।** ग्राम पंचायत भुरभुसी में बीते दिवस मितानिनों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने कहा कि मितानिन गांव में अपनी बेहतर सेवा देकर ग्रामीणों को सुरक्षा दे रही हैं। गर्भवती महिला, बच्चों एवं किशोरी बालिकाओं को इनसे लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर स्वच्छता अभियान चलाकर भवन, गली, मोहल्ला में सफाई किया गया। कार्यक्रम में सरपंच डोंगरू साहू, पंचायत सचिव तुकाराम पटेल, सुनीता चतुर्वेदी, आशा साहू, नोमनबाई, किरण चतुर्वेदी, भाना साहू, रजनीबाई, सुरेन्द्र साहू, मन्नूराम साहू, भोजराम साहू, अनिता साहू, देवकी साहू, जानकी साहू, सुनीता साहू, कन्हैया साहू, हेमंत विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।

### प्रीति का पुलिस में चयन

**खड़गांव।** भटगांव की प्रीति पटवा का पुलिस विभाग में चयन हुआ है। वह शुरू से पढ़ाई में तेज रही है। प्रीति का सपना पुलिस विभाग में भर्ती होने का था। अपनी मेहनत और लगन से प्रीति पटवा ने पुलिस विभाग में चयनित होने में कामयाब रही। वह स्व शेखर पटवा की सुपुत्री है। उसने प्रारंभिक शिक्षा गांव में हासिल किया। पूर्व सरपंच ललित ठाकुर, रामप्रसाद कोरेटी, दिलीप धनकर, भारत पटवा, सुरेखा पटवा आदि ने उसे बधाई दी है।



### परेड के लिए तीन कैडेट चयनित



**अंजोरा।** निदेशालय मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के निर्देशन में गणतंत्र दिवस परेड की पूर्व तैयारी हेतु मध्यप्रदेश राज्य घुड़सवारी प्रशिक्षण अकादमी भोपाल में आयोजित प्री आरडीसी शिविर में दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय अंजोरा के तीन कैडेट यश देवांगन, निखिल देशमुख, वर्षा प्रियदर्शिनी ने चयनित हुई। इस शिविर में इंदौर, सागर, जबलपुर एवं रायपुर ग्रुप के 16 बालक एवं 8 बालिकाओं ने हिस्सा लिया था। आगामी 17 से 26 दिसंबर तक दूसरे शिविर में हिस्सा लेने के बाद चयनित कैडेट दिल्ली रवाना होंगे। चयनित कैडेटों को यूनिट के कमान अधिकारी कर्नल राहुल दुबे एवं प्रशासनिक अधिकारी ले. कर्नल अमन सिंह तथा प्रशिक्षण जेसीओ गगनदीप शर्मा ने बधाई दी है।

---

### बेसुध होने का कारण अस्पष्ट, पालकों में भय का माहौल

# डॉक्टरों ने टटोला छात्राओं की सेहत

## छात्राओं का बेसुध होना लगातार जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सड़क अतरिया

प्राथमिक शाला खैरबना में छात्राओं के बेसुध होने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। सप्ताह भर से छात्राओं के बेसुध होने तथा असामान्य हरकत करने की शिकायत सामने आ रही है। मंगलवार को आधा दर्जन से अधिक छात्राएं बेसुध हो गई थी। मंगलवार को चिकित्सा टीम स्कूल पहुंची तथा छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। टीम ने हीमोग्लोबिन, बीपी, शुगर आदि जांचा तथा ब्लड सैंपल लिया। जांच में छात्राओं के बेसुध होने का कारण साफ नहीं सका है।

ज्ञात हो कि मंगलवार को प्रार्थना के बाद छात्र अपनी कक्षा में चले गए थे। थोड़ी देर बाद तीन छात्राएं तथा कुछ देर बाद दो अन्य छात्राएं बेसुध हो गई। इसी दौरान मेडिकल टीम ने स्कूल पहुंचकर परीक्षण किया। कुछ देर में छात्राएं स्वतः होश में आ गई। जांच प्रक्रिया के दौरान चार छात्राएं बेसुध हो गई जिन्हे शाला परिसर से बाहर लाया गया।



**स्कूल भेजने से कतराने लगे**

विद्यालय में सप्ताह भर से छात्राओं का बेसुध होने की शिकायत बढ़ते जा रही है किन्तु छात्रों में इसे लेकर भय नहीं है। वह प्रतिदिन उपस्थिति दर्ज करा रहे है किन्तु लगातार घटना होने के बाद पालक अपने बच्चों को स्कूल भेजने से कतराने लगे हैं। पालकों ने कहा कि ऐसी स्थिति में वह

**अध्ययन हो रहा प्रभावित**

गांव में प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला संचालित है। छात्राओं के बेसुध होने की समस्या प्राथमिक शाला में है परन्तु सप्ताह भर से माध्यमिक शाला की भी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इस समस्या को लेकर शिक्षक एवं ग्रामीण परेशान हैं।

**स्वास्थ्य शिविर लगाने की मांग**

पालक एवं ग्रामीणों ने स्कूल में जिला चिकित्सा टीम का शिविर लगाने की मांग की है। स्वास्थ्य टीम मंगलवार को दिन भर तैनात रही फिर भी समस्या का समाधान नहीं हो सका। शिक्षक एवं पालकों में भय का माहौल बनने लगा है। ग्रामीणों का कहना है की जब तक समस्या का हल नहीं निकल जाता तब तक चिकित्सा टीम स्कूल में रहें तो समस्या से निपटा जा सकता है। जनपद सदस्य डोमार सिंह ने खाद्य एवं पीएचई विभाग को आवेदन देकर खाद्यान्न एवं पेयजल की जांच करने की मांग की है।

---

# मारो नगर पंचायत में पीएम आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत 26 हितग्राहियों को मिली भवन अनुज्ञा



**नवागढ़/मारो।** नगर पंचायत मारो में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत नगर के 26 पात्र हितग्राहियों को आवास निर्माण हेतु भवन अनुज्ञा (बिल्डिंग परमिशन) प्रदान की गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में हितग्राहियों को औपचारिक रूप से अनुमति पत्र सौंपे गए। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष धनलाल देशलहरे, उपाध्यक्ष शमाधव आराधना सिंह ठाकुर, पार्षद सुरेश पटेल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रेखलाल सुधाकर, उप अभियंता विवेक रंजन तिर्की, सीएलटीसी प्रीतेश वर्मा, आवास मित्र अशोक बघेल एवं निकाय से भुनेश्वर कौशल (आवास प्रभारी) उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए अपने पक्के घर का सपना साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण योजना है। भवन अनुज्ञा मिलने के बाद हितग्राही अब शीघ्र ही आवास निर्माण कार्य प्रारंभ कर सकेंगे, जिससे नगर में आवासीय विकास को नई गति मिलेगी।

इस अवसर पर यह भी जानकारी दी गई कि शासन द्वारा योजना में किए गए नवीन संशोधन के तहत अब 2500 वर्गफुट से अधिक क्षेत्रफल वाले भू-खण्ड के स्वामी भी प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। यह संशोधन विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों के हित में है, जहां बड़े भू-खण्ड होने के कारण पूर्व में कई पात्र हितग्राही योजना से वंचित रह जाते थे।

कार्यक्रम के अंत में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने हितग्राहियों को बधाई देते हुए गुणवत्तापूर्ण और समय-सीमा में आवास निर्माण करने की अपील की तथा शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

---

# नवागढ़ की धरती पर गूंजा मानस-ज्ञान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवागढ़

**■ छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय व्याख्यान माला का भव्य आयोजन**

मां भद्रकाली जिला मानस संघ बेमेतरा के तत्वावधान में रविवार को नवागढ़ की पावन धरती पर छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय व्याख्यान माला का भव्य आयोजन किया गया। इस राज्य स्तरीय आयोजन के प्रथम चरण के अंतर्गत बेमेतरा जिले के बेरला, बेमेतरा, नवागढ़ एवं साजा विकासखंडों में व्याख्यान माला आयोजित की गई, जिसमें मानस पथिकों एवं श्रद्धालु श्रोताओं की उल्लेखनीय सहभागिता रही।

नवागढ़ में आयोजित कार्यक्रम में नवागढ़ ब्लॉक की 26 मानस मण्डलियों के साथ अंतरजिला प्रतिभागी के रूप में मुंगेली जिले की एक मानस मण्डली ने भाग लिया। प्रतियोगिता में निर्णायक की महत्वपूर्ण भूमिका माधोराम साहू (संगठन सचिव, जिला साहू समाज बेमेतरा) एवं उत्तरा साहू (प्रसिद्ध मानस व्याख्याकार, हरमुड़ी) ने निभाई। कार्यक्रम के दौरान मानस व्याख्याकारों ने रामचरित मानस की भावपूर्ण, सारगर्भित एवं ओजस्वी व्याख्या प्रस्तुत कर श्रोताओं को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। चौपाइयों और प्रसंगों की सजीव प्रस्तुति से वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक एवं भक्तिमय बन गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रेमू साहू (अध्यक्ष, तहसील साहू समाज नवागढ़), दीनबंधु साहू (संगठन उपाध्यक्ष), शांतिलाल साहू, बिरेन्द्र साहू, घनश्याम साहू, गनपत सिंह ठाकुर एवं जुठेल राम साहू द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

### प्रतियोगिता का परिणाम

प्रथम स्थान ईश्वर राजपूत (मानस मंथन रामायणी, ग्राम घोरहा नवागढ़) को प्राप्त हुआ।

द्वितीय स्थान कमलेश्वरी देवी (कमलेश्वरी देवी मानस माधुरी, मानस परिवार खाम्ही, जिला मुंगेली) ने हासिल किया। तृतीय स्थान भीखम लाल देवांगन (मां शारदा मानस मण्डली, शंकरनगर नवागढ़) को मिला। चतुर्थ स्थान उमाशंकर वर्मा (सत्संग मानस परिवार, दर्री पारा नवागढ़) एवं पंचम स्थान नीलचरण साहू (रामकृष्ण मानस परिवार, रनबोड नवागढ़) ने प्राप्त किया। प्रत्येक ब्लॉक से चयनित 5-5 मानस मण्डलियों को द्वितीय चरण के लिए चयनित किया गया है। द्वितीय चरण का आयोजन ग्राम खैरझिटी (साजा) में किया जाएगा। इस चरण के कार्यक्रम प्रभारी डूमन लाल साहू (उपाध्यक्ष, जिला मानस संघ बेमेतरा) रहेंगे।

कार्यक्रम की सम्पूर्ण व्यवस्था मां भद्रकाली तहसील मानस संघ नवागढ़ की कार्यकारिणी द्वारा की गई। आयोजन में महेश कुमार साहू (अध्यक्ष, तहसील मानस संघ नवागढ़) सहित बड़ी संख्या में मानस पथिक, सामाजिक पदाधिकारी एवं श्रद्धालुजन उपस्थित रहे। उक्त जानकारी बिरेंद्र साहू द्वारा दी गई।

---

# सरपंचों ने दी हड़ताल की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

**■ राशि नहीं मिलने से विकास अटका**

ग्राम पंचायतों को लगभग 10 माह से 15 वे एवं 16 वे वित्त आयोग की राशि नहीं मिलने से कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। सरपंच संघ ने अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए एक सप्ताह के भीतर राशि जारी नहीं होने पर हड़ताल करने की चेतावनी दी है।

ज्ञापन में बताय गया कि राशि के अभाव में गांवों में मूलभूत सुविधाओं के कार्य ठप पड़े हैं, जिससे ग्रामीणों में असंतोष बढ़ रहा है। आए दिन विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। सरपंचों का कहना है कि पंचायतों के नियमित संचालन एवं विकास कार्यों के लिए वित्तीय सहायता आवश्यक है। लंबे समय से राशि नहीं मिलने के कारण पंचायत प्रतिनिधियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सरपंच संघ ने स्पष्ट किया है कि एक सप्ताह के भीतर पंचायतों के खातों में 15 वें व 16वें वित्त की राशि जमा नहीं किया जाता है तो समस्त सरपंच हड़ताल करने बाध्य होंगे। ज्ञापन पर उर्मिला मंडावी, कविता मंडावी, अंजली पड़ोती, महेश्वरी यादव, पितांबर सिन्हा, ओमप्रकाश लिल्हारे, रामलाल टाण्डेकर एवं सुरेश सहित अन्य के हस्ताक्षर हैं।



---

# कुष्ठ उन्मूलन करने ग्राम पथर्रा एवं बसनी में स्वास्थ्य विभाग की जन जागरूकता रैली

**■ विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रम को लेकर चलाया जा रहा जन जागरूकता अभियान**

**बेमेतरा।** 31 दिसंबर तक सघन कुष्ठ खोज अभियान स्वास्थ्य विभाग जिले में चला रही है इसी अभियान पर स्वास्थ्य विभाग के अमले ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर ग्राम चोरभट्टी के आश्रित ग्राम बसनी, एवं उप स्वास्थ्य केंद्र जेवरा के आश्रित ग्राम पथर्रा में कुष्ठ रोग के उन्मूलन को लेकर ज न जा ग रू क ता अभियान चलाया।

इस दौरान बच्चों ने तख्तियों पर लिखे शरीर के दाग धब्बे दिखाते चलो, "जन-जन की शक्ति से, कुष्ठ रोग मिटेगा बस्ती से," "एमडीटी खाओ–कुष्ठ मिटाओ," "टीबी हारेगा–देश जीतेगा" एड्स का ज्ञान बचाए जान नारों के साथ गलियों में भ्रमण किया और ग्रामीणों से सघन सर्वे में ईमानदारी से जांच करवाने सहयोग मांगा। स्वास्थ्य टीम ने आमजनों को कुष्ठ रोग के शुरुआती लक्षण, संभावित विकृतियों, रोकथाम, एमडीटी दवा के महत्व और समय पर इलाज की आवश्यकता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। रैली के माध्यम से जन समुदाय को स्वास्थ्य विभाग के द्वारा टीबी जांच, उपचार, मोतियाबिंद, एचआईवी, रक्तदान, नेत्रदान जैसे महत्वपूर्ण जन स्वास्थ्य से जुड़े बातों को बताया गया। ग्रामीणों ने एकजुट होकर जानकारी लिया और काफी उत्साह होकर जांच में सहयोग करने की बात कही। रैली में ग्राम पंचायत की प्रतिनिधी और बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

**ये रहे उपस्थित:** कार्यक्रम में नेत्र सहायक अधिकारी योगेंद्र भार्गव,ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक नीलिमा पांडे, सुनील पात्रे, हिरदेशाय जोशी मितानिन कुलेश्वरी लहरें, शकुंतला साहू, दुर्गासाहू,संतोषी साहू, मालती साहू की सक्रिय उपस्थिति रही।




---

**कलेक्टर, एसपी एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने सुरक्षा व प्रबंधन व्यवस्था का लिया जायजा**

# ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का हुआ त्रैमासिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

जिला कार्यालय परिसर स्थित ईवीएम–वीवीपैट वेयरहाउस का जून माह का त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा सहित विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी प्रणाली, ताले एवं सील की स्थिति, रिकॉर्ड पंजी, तथा प्रवेश-निकास की प्रक्रिया की गहनता से जांच की गई। अधिकारियों ने प्रत्येक बिंदु का सूक्ष्म अवलोकन कर यह सुनिश्चित किया कि निर्वाचन से संबंधित समस्त उपकरण पूरी तरह सुरक्षित एवं मानक अनुरूप रखे गए हैं। इस अवसर पर कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कहा कि ईवीएम और वीवीपैट लोकतांत्रिक चुनाव प्रक्रिया का अत्यंत महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, इसलिए इनके भंडारण एवं सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था को लगातार सुदृढ़ बनाए रखने तथा सभी निर्धारित प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्री प्रकाश भारद्वाज, जिला कोषालय अधिकारी, निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी एवं पुलिस विभाग के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर वेयरहाउस की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भी निरीक्षण प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता निभाई और वेयरहाउस में की गई सुरक्षा एवं प्रबंधन व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने इसे निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता और विश्वास बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। कलेक्टर श्री शर्मा ने जानकारी देते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रत्येक तिमाही में ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का आंतरिक निरीक्षण किया जाना अनिवार्य है, जिससे पारदर्शिता, सुरक्षा और निर्वाचन की विश्वसनीयता सुनिश्चित की जा सके। समग्र रूप से निरीक्षण प्रक्रिया शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित और पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न हुई, जिससे जिले में आगामी निर्वाचन कार्यों को लेकर प्रशासनिक तैयारियों की मजबूती स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई।

---

## बच्चों की प्रस्तुति को पालकों ने सराहा, मेधावी बच्चों का आयोजन में हुआ सम्मान

# वार्षिकोत्सव में दिखी स्कूली बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव

नीरज विद्या मंदिर मोहड़ में वार्षिकोत्सव उड़ान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती एवं माँ भारती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण से हुआ। अतिथियों का स्वागत शैक्षणिक स्टॉफ ने किया। इस अवसर पर बच्चों ने स्वागत गीत की प्रस्तुति दी। इस दौरान इंजी. नीरज बाजपेयी ने उत्सव की परिभाषा बताते हुए वार्षिकोत्सव को संस्था का बड़ा एवं महत्त्वपूर्ण आयोजन कहा। उन्होंने कहा कि अध्ययन के साथ विद्यार्थियों की छुपी प्रतिभा को वार्षिकोत्सव में एक बड़ा मंच मिलता है। एक्जिक्यूटिव डायेरक्टर ष्पा बाजपेयी ने सहयोग के लिए पालकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

उक्त मौके पर नर्सरी, केजी वन एवं केजी टू के बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मनमोह लिया। देवा श्रीगणेशा, फेमिली थीम, मोबाइल थीम और बॉलीवुड ओल्ड फन सांग की प्रस्तुति में दर्शकों ने भरपूर तालियाँ बजाई। कक्षा एक से बारहवीं तक के बच्चों ने विभिन्न राज्यों की संस्कृति पर आधारित गीत एवं नृत्यों की प्रस्तुति दी। कृष्णलीला, सेव वाटर, साउथ इंडियन डांस, संबलपुरी डाँस, जोगुवा डाँस, सावित्री बाई फूले, करेले की सगाई' आदि प्रस्तुतियों से दर्शक बंधे रहे। वीभत्सरस नृत्य रूपक के जरिए छात्राओं ने रोमांचक प्रस्तुति से दर्शकों को डर का अहसास कराया। कम्यूनिटी हेल्पर्स, छावा, पेनोरमा आफ इंडियन फेस्टिवल्स, भोजपुरी मिक्स, व्यथा द्रौपदी की, ट्रिब्यूट टू बॉलीवुड लिजेण्ड्स आकर्षण का केन्द्र रहे।



**अनपढ़ नेता ने किया मनोरंजन**

इस मौके पर एकाकी कलाकारों द्वारा प्रस्तुत अनपढ़ नेता ने दर्शकों को पेट पकडकर हँसने मजबूर कर दिया। वार्षिकोत्सव में शिक्षा सत्र 2023-24 एवं 2024-25 की दसवीं एवं बारहवीं में प्रथम आनेवाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण-पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। ख्यातिश्री यदु की स्मृति में दिया जानेवाला विशेष सम्मान इस वर्ष कक्षा पांचवी की दीप्ति महेला को मिला। अंत में आभार प्रदर्शन हेड गर्ल अवनी पाण्डे व हेड ब्वॉय हिमांशु जैन ने किया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता डॉ. लोकेश शर्मा एवं चंदन द्विवेदी के मार्गदर्शन में बच्चों ने किया।



### केन्द्रीय विद्यालय में रंगारंग आयोजन

**डोंगरगढ़।** पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में स्थापना दिवस एवं वार्षिक उत्सव का आयोजन गत दिनों किया गया। प्राचार्य एसआर कुजूर ने वार्षिक प्रतिवेदन में शैक्षणिक उपलब्धियों, परीक्षा परिणाम, खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियों, नवाचारों एवं भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर अतिथि के तौर पर ऋषभ यादव, नेहरू कालेज की प्राचार्य डॉ. रेवती, शामिल हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

**छात्रों का सम्मान**

समारोह के दौरान शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र दिया गया। कक्षा दसवीं एवं बारहवीं विज्ञान-वाणिज्य संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले अनुराग चंदेल, यशिका डडसेना एवं विभा जैन को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। इसी प्रकार जम्बूरी में सहभागिता के लिए सुजल वर्मा एवं रिया ठाकुर को सम्मानित किया गया। कंप्यूटर गतिविधियों में विद्यासेतु अंतर्गत जोनलस्तर के प्रतिभागी आदित्य हिरवानी, संकेत साहू, उन्नति बोरकर नयन साहू एवं आर्चीकर एवं खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। केन्द्रीय विद्यालय संगठन से प्राप्त 56 हजार की प्रोत्साहन राशि मिलने पर विद्यालय परिवार ने बधाई दी। सम्मान के क्रम में शिक्षक संतोष कुमार केएस, दीपक चंद्राकर, प्रकाशचंद सैनी, मोहनलाल मीना, सुन्दरलाल चिखले एवं श्वेता सिंह को भी सम्मानित किया गया। अंत में वसीम खान ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## खबर संक्षेप

### किसानों के धान के एक-एक दाने की खरीदी के लिए भाजपा सरकार प्रतिबद्धः युगल



**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार किसानों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा किसानों की धान की एक-एक दाने की खरीदी सुनिश्चित की जा रही है। इसी क्रम में शहर मंडल अध्यक्ष श्री युगल देवांगन (भारतीय जनता पार्टी) द्वारा स्थानीय धान उपार्जन सोसाइटी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान श्री देवांगन ने सोसाइटी में मौजूद किसानों से सीधे संवाद कर उनका हाल-चाल जाना।

उन्होंने तौल प्रक्रिया की बारीकी से जानकारी ली तथा यह सुनिश्चित किया कि धान तौल में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो और किसानों से कोई अवैध राशि वसूली न की जाए। निरीक्षण के उपरांत सोसाइटी में की गई व्यवस्थाएं संतोषजनक, पारदर्शी एवं सुचारू रूप से संचालित पाई गईं। किसानों ने भी धान खरीदी प्रक्रिया को लेकर संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर संदीप यादव, कातेंली सरपंच महावीर वर्मा, चम्पेश्वर वर्मा, प्रबंधक ईश्वर टंडन सहित बड़ी संख्या में किसान भाई उपस्थित रहे।

### वाहन से अफीम व डोडा बरामद, आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** अफीम व डोडा चूरा बेचने वाले एक आरोपी को पुलिस ने कैफेटरिया से गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर शिवनाथ नदी ब्रिज के नीचे ग्राम महमरा कैफेटेरिया के पास जीप सीजी 07 जेडडी 9956 का चालक अवैध रूप से अपने पास अफीम व डोडा का चूरा रखे हुए थे। वह उस चूरे को बेच रहा था। पुलिस की टीम ने मौके पर दबिश देकर पकड़ा। आरोपी ने अपनी पहचान ग्राम चिखली चौकी जेवरा सिरसा वर्तमान निवासी कादंबरी नगर दुर्ग सुरेन्दर सिंह (76 वर्ष) के रूप में बताई। आरोपी के पास से पुलिस ने डोडा चूरा, अफीम व घटना में उपयोग जीप वाहन व मोबाईल जब्त किया।

### 18 को समस्त मांस-मटन की दुकानें रहेगी बंद

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ शासन पर्यावरण एवं नगरीय विकास विभाग के आदेशानुसार नगर पालिक निगम भिलाई सीमा अंतर्गत संचालित पशुवध गृह एवं समस्त मांस विक्रय की दुकानें 18 दिसम्बर गुरुवार को गुरू घांसीदास जयंती के अवसर पर बंद रखी जाएगी।

### राष्ट्रीय अधिवेशन 19 से

**भिलाई।** आल इंडिया मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजिस्ट एसोसिएशन का राष्ट्रीय अधिवेशन महायोगी गोरखनाथ यूनिवर्सिटी ऑफ़ गोरखपुर, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश में 19 से 22 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। अधिवेशन में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महबूब जान, छत्तीसगढ़ के केंद्रीय प्रतिनिधि संजय गुप्ता, तथा राज्य सचिव एबीसन वर्गीस करेंगे।

---

**आयोजन**

**9 से 35 वर्ष आयु वर्ग की महिलाओं ने दिखाया दमखम**

# केशतरा में विकासखंड स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

विकासखंड स्तरीय महिला खेलकुद प्रतियोगिता आयु वर्ग 9-18 वर्ष 18-35 वर्ष तक का आयोजन जिला खेल युवा कल्याण विभाग बेमेतरा के तत्वाधान में फुटबॉल वेटलिफ्टिंग कुश्ती खो खो रस्साकसी एथलेटिक्स 100 मीटर 400 मीटर दौड़ तवा फेक का आयोजन ग्राम केशतरा में हुआ।

- फुटबॉल से लेकर एथलेटिक्स तक विविध खेलों का हुआ आयोजन

जिसमें जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि बलराम पटेल जिला पंचायत सभापति प्रतिनिधि गोवेंद्र पटेल नारद वर्मा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत साजा मंडल अध्यक्ष परपोड़ी नगर पंचायत उपाध्यक्ष साजा प्रेरणा शौर्य त सिंह मंडल अध्यक्ष भाजपा साजा बुलाक साहू केशव पटेल मंडल अध्यक्ष थानखमहरिया सांसद प्रतिनिधि बल्लू साहू जिला उपाध्यक्ष भाजपा सूरज राजपूत उपसरपंच गड़ुवा



कमल सिंह राजपूत पार्षद भोज सिन्हा महामंत्री मंडल परपोड़ी राधे साहू भारत माता छत्तीसगढ़ महतारी सरस्वती माता के छायाचित्र की पूजा अर्चना कर खेल का शुभारंभ रस्साकसी खेल से किया गया।

### खिलाड़ियों में दिखा उत्साह

विकास खंड से प्रतिभागियों ने बहुत उत्साह से भाग लिया रस्साकसी 9- 18 केहका 18- 35 आयु वर्ग में केहका , खो खो 9-15 आयु वर्ग केशतरा 18- 35 केशतरा बॉलीबॉल 9-18 केशतरा फुटबॉल में 9-18 व 18 - 35 आयु वर्ग में चेचानमेटा कुश्ती में 9- 18 में दामेश्वरी कस्तूरबा गांधी विद्यालय 100 मीटर 400 मीटर दौड़ में कामनी खुसरो भटगांव प्रथम तवा फेक 9-18 में नीलम हरडुवा प्रथम 18-35 100 मीटर व 400 मीटर में संतोषी ठाकुर केशतरा प्रथम तवा फेक 18-35 में उमा साहू केशतरा प्रथम बैडमिंटन 9-18 में सिंगल में प्रथम दिव्यांशी सेजस साजा 18-35 में सिंगल प्रथम अनिता मस्तके बनराका 9-18 डबल प्रथम तेजल कस्तूरबा गीतांजलि केशतरा 18-35 डबल प्रथम मीनेश्वरी सुनीता केशतरा बास्केटबाल दोनों वर्ग में बोरतरा प्रथम वेटलिफ्टिंग में रहे।

### ये रहे उपस्थित

लेखमणि आयोजन समिति के नोडल अधिकारी नीलेश चंद्रवंशी बीईओ साजा ब्लॉक क्रीड़ा अधिकारी जवाहर कुर्रे नोकेश्वर वर्मा विष्णु धीवर पूजा पाण्डेय चोवाराम मधुकर विपुल महोबिया संजय कोषले वेदप्रकाश साहू हर्ष यादव नरेश बघेल प्रभु साहू रूपेश सप्रे गौरव कामडे गणेश सप्रे झुलूराम रजक अनीता मस्तके पवन साहू प्रधानपाठक मिथलेश भारती सीएसी होरीलाल मिर्झा सीएसी सुरेश साहू सीएसी तिरथ कुमार साहू सीएसी बसंत कौशिक गीतेश देवांगन प्रदीप कुमार ठाकुर ओमकार डड़सेना गणेश्वर ठाकुर रोशन महिलांगे विजय सिन्हा नेमेश्वरी साहू सीमा चक्रधारी गौतम साहू पवन ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

---

# खेलकूद से आत्मविश्वास, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता होती है सुदृढ़ : नपाध्यक्ष




**बेमेतरा।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने विकासखंड स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता 2025 का भव्य एवं उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विकासखंड के विभिन्न ग्रामों एवं नगर क्षेत्रों से आई महिला खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा रहे। उन्होंने प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए कहा कि महिला खेलकूद प्रतियोगिताएं केवल शारीरिक विकास तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इससे महिलाओं में आत्मविश्वास, अनुशासन, टीम भावना एवं नेतृत्व क्षमता का भी विकास होता है। उन्होंने महिला खिलाड़ियों को निरंतर खेलों से जुड़े रहने एवं आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता के दौरान कबड्डी, खो-खो, दौड़ सहित विभिन्न खेल स्पर्धाओं का आयोजन किया गया, जिसमें खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दर्शकों का उत्साह बढ़ाया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष अशोक शर्मा, युगल देवागन, संदीप यादव, जनपद अध्यक्ष हेमा दिवाकर, विकास तंबोली, खेल विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, प्रशिक्षक तथा बड़ी संख्या में खेल प्रेमी एवं नागरिक उपस्थित रहे। महिला खिलाड़ियों के उत्साह और सहभागिता से कार्यक्रम सफल एवं प्रेरणादायी रहा।

---

# भाजपा नेता होरीलाल सिन्हा बने सरगुजा संभाग प्रभारी

**पिछड़ा वर्ग मोर्चा को मिली अनुभवी नेतृत्व की मजबूती, जिले में हर्ष**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भारतीय जनता पार्टी ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मंत्री होरीलाल सिन्हा को सरगुजा संभाग का प्रभारी नियुक्त किया है। इस नियुक्ति के साथ ही पार्टी ने उनके लंबे संगठनात्मक अनुभव, सामाजिक जुड़ाव और पिछड़ा वर्ग मोर्चा में सक्रिय भूमिका पर भरोसा जताया है। श्री सिन्हा की नियुक्ति की खबर सामने आते ही बेमेतरा जिले सहित सरगुजा संभाग के भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल बन गया। कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटी और प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया।

### प्रदेश नेतृत्व ने जारी किया नियुक्ति आदेश

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अशोक साहू ने संगठन मंत्री पवन साय एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव की सहमति से मंगलवार को संभाग प्रभारियों की नियुक्ति के आदेश जारी किए। नियुक्ति पत्र में कहा गया है कि नवनियुक्त संभाग प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय स्थापित कर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा को और अधिक मजबूत करेंगे तथा संगठनात्मक गतिविधियों को जमीनी स्तर तक पहुंचाएंगे।

### अनुभव का मिलेगा संगठन को लाभ



जिले के वरिष्ठ भाजपा नेताओं और पदाधिकारियों ने कहा कि होरीलाल सिन्हा की नियुक्ति से सरगुजा संभाग में संगठन को नई दिशा और गति मिलेगी। उनके अनुभव और कार्यशैली से पिछड़ा वर्ग मोर्चा के साथ-साथ पार्टी के अन्य मोर्चों को भी मजबूती मिलेगी।

**जिम्मेदारी और भरोसे पर प्रदेश नेतृत्व का आभार : सिन्हाः** सरगुजा संभाग का प्रभारी बनाए जाने पर भाजपा नेता होरीलाल सिन्हा ने प्रदेश संगठन के प्रति आभार जताते हुए कहा कि यह नियुक्ति उनके लिए सम्मान के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा, "प्रदेश नेतृत्व ने जो विश्वास मुझ पर जताया है, उस पर मैं पूरी निष्ठा से खरा उतरने का प्रयास करूंगा। मोर्चा के कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ पदाधिकारियों के सहयोग से संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य करता रहूंगा।"होरीलाल सिन्हा ने कहा कि सरगुजा संभाग में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा को मजबूत करने के साथ-साथ केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठनात्मक कार्यों को गति देने का आह्वान किया।

### मोदी सरकार ने पिछड़ा वर्ग को दी नई पहचान

अपने वक्तव्य में श्री सिन्हा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा पिछड़े वर्ग के कल्याण के लिए किए जा रहे कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने सामाजिक न्याय को धरातल पर उतारने का कार्य किया है। सउन्होंने कहा कि उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, छात्रवृत्ति योजनाएं एवं स्वरोजगार कार्यक्रमों के माध्यम से पिछड़े वर्ग के करोड़ों लोगों को सीधा लाभ मिला है।

---

# नितिन नबीन की नियुक्ति भाजपा संगठन की वैचारिक जीत : राजेन्द्र शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रभारी, बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री तथा बांकीपुर विधानसभा से लगातार पाँच बार निर्वाचित विधायक नितिन नबीन को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर जिले के पूर्व अध्यक्ष व वर्तमान प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं रायपुर शहर जिला प्रभारी राजेन्द्र शर्मा ने इसे भाजपा संगठन की वैचारिक जीत करार दिया है।

राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि नितिन नबीन की यात्रा कार्यकर्ता से शीर्ष नेतृत्व तक पहुँचने की एक प्रेरणादायी मिसाल है, जो भारतीय जनता पार्टी की मूल विचारधारा, संगठन संस्कृति और कार्यपद्धति को स्पष्ट रूप से दर्शाती है। उन्होंने कहा कि सरकार में जिम्मेदार भूमिका निभाते हुए नितिन नबीन ने हर स्तर पर स्वयं को सिद्ध किया है। उन्होंने कहा कि यह नियुक्ति इस बात का प्रमाण है कि भाजपा में नेतृत्व का मार्ग मेहनत, निष्ठा और संगठन के प्रति समर्पण से होकर गुजरता है।



विपक्ष के दिनों को याद करते हुए राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि जब वे मुंगेली जिले के प्रभारी थे, तब नितिन नबीन के साथ पूरे जिले का संगठनात्मक प्रवास किया गया था। उस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं में तत्कालीन कांग्रेस सरकार के खिलाफ संघर्ष की चेतना भरी, जिसका परिणाम यह रहा कि मुंगेली, बेमेतरा सहित पूरे प्रदेश में भाजपा के पक्ष में जनादेश आया।

नितिन नबीन के सफल कार्यकाल को याद करते हुए उन्होंने कहा कि बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं से सतत संवाद, नियमित संगठनात्मक समीक्षा और स्पष्ट रणनीति के माध्यम से उन्होंने प्रदेश में पार्टी की जड़ें मजबूत कीं। राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि नितिन नबीन की सबसे बड़ी विशेषता युवाओं पर विश्वास करना और उन्हें अवसर देना है। उनकी यह नियुक्ति उन लाखों कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा है, जो पद के लिए नहीं बल्कि विचारधारा के लिए पार्टी में कार्य करते हैं।

---

# कक्षा 6वीं के नवीन पाठ्यक्रम पर आधारित 5 दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विकास खण्ड साजा के शासकीय हाई स्कूल परसबोड़ में संस्कृत विषय का 5 दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के शिक्षकों को नवीन गतिविधि आधारित पाठ्यक्रम के अनुरूप क्षमता विकास का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। संस्कृत विषय के प्रशिक्षण में रिसोर्स पर्सन के रूप में बिसेन सिंह राजपूत शिक्षक पू, मा, शाला गोपालपुर, राजेंद्र रात्रे, और रमेश साहू ने सहभागिता की।

- नवीन गतिविधि पर आधारित पाठ्यक्रम के अनुरूप क्षमता विकास का प्रशिक्षण प्रदान किया गया



रमेश साहू एवं राजेंद्र ने अक्षर, वर्ण, उच्चारण स्थान, समय ज्ञान,संख्या ज्ञान, गद्यांश का शुद्ध उच्चारण के साथ वाचन आदि पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। बिसेन सिंह राजपूत ने स स्वर श्लोक वाचन,संधि विच्छेद प्रकार, समास, लकार, कारक विभक्ति, प्रसमैपद, आत्मनेपद , कृदन्त, प्रत्यय, उपसर्ग, पुरुष, वचन, लिंग, अनुवाद करने के सरल तरीका आदि पर सरल रूप से प्रकाश डाला गया। संस्कृत प्रशिक्षण में साजा विकास खंड से सुनीता जोशी, अश्वनी साहू, धनराज साहू, गणेश ठाकुर, राजकुमार ध्रुवे, शांतिलाल, जानकी वर्मा, संगीता गजेंद्र, पुष्पा वर्मा, दिलेश्वरी चंद्रवंशी, नैनी साहू, राधा वर्मा, ईश्वरी ठाकुर सहित लगभग 35 शिक्षक शामिल हुवे। इस अवसर पर विकास खंड शिक्षा अधिकारी साजा नीलेश चंद्रवंशी, बीआरसी बी डी बघेल, शासकीय हाई स्कूल परसबोड़ के प्राचार्य प्रतिभा चौबे, व्याख्याता ईश्वर साहू, सीमा राजपूत सहित समस्त स्टाफ का विशेष सहयोग एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

---

# नेशनल हाईवे से लगे खेत से मिली अज्ञात युवक की लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांदघाट

ग्राम खैरा नेशनल हाईवे 130 तालाब के सामने खेत में एक अज्ञात विक्षिप्त युवक उमर 35 से 40 वर्ष की 2 दिन पुरानी लाश बहुत खराब स्थिति में मिली है। मौके पर शिनाख्तगी के असफल प्रयास के बाद नवागढ़ में शव परिक्षण कराकर समाज सेवको की उपस्थिति में अंतिम संस्कार करा दिया गया। फिर उठी नांदघाट में पुनः शवपरिक्षण की सुविधा की मांग। ज्ञात हो कि नांदघाट में शव पकी सुविधा थी। लंबे समय तक मेडिकल अफसर की तैनाती नहीं होने से एमएलसी पोस्टमार्टम नवागढ़ में कराया जा रहा था।

- खैरा गांव में खेत से बरामद हुआ शव, शिनाख्त नहीं हो सकी

अब चूंकि नांदघाट पीएससी में मेडिकल अफसर की पुनः पदस्थापना हो गयी है तो एमएलसी और पोस्टमार्टम की सुविधा भी नांदघाट में हो जानी चाहिए। चूंकि नांदघाट अति संवेदनशील राष्ट्रीय राजमार्ग 130 पर अव्यवस्थित है अतः आकस्मिक दुर्घटना ज्ञात अज्ञात मर्ग कायमी जिले भर में सर्वाधिक नांदघाट पीएस में होती है। घटना स्थल से शव परिक्षण हेतु 45 किमी दूर नवागढ़ भेजना और लाना पुलिस , प्रशासन ही नहीं आपदाग्रस्त परिजनों के लिए भी अतिरिक्त समय और आर्थिक भार का कारण बन जाता है। परिजन तो खैर सहन करते ही हैं। पर 'अज्ञात' प्रशासन और संदर्भित कर्मचारियों के लिए और भी बड़ी चुनौती खड़ी कर देता है। अज्ञात कि स्थिति में वाहन पोस्टमार्टम सामग्री और अन्य आवश्यक व्यय की व्यवस्था अपने ही स्तर पर करनी होती है। कई बार क्षत विक्षत शवों को 45किमी दूर नवागढ़ तक लेकर जाना भी दुसाह्य होता है। इस संबंध में समाजसेवी भाजपा नेता विवेक शुक्ला ने कहा कि वे कई बार उक्त संबंध में आवेदन और प्रशासनिक अधिकारियों से चर्चा कर चुके हैं। लेकिन आश्वासन के सिवाय कुछ नहीं होता। पूर्व में जन चौपाल में भी आवेदन दिया गया था लेकिन अपेक्षित परिणाम नहीं आया।

---

## पेज 9 के शेष

### आधार सक्षम बायोमेट्रिक प्रणाली ...

**महत्वाकांक्षी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन पर जोरः** कलेक्टर श्री शर्मा ने बैठक में सभी विभागों को निर्देशित किया कि शासन द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकन कर उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि योजनाओं से वंचित पात्र नागरिकों की पहचान कर यथासंभव उन्हें लाभान्वित किया जाए, ताकि शासन की योजनाओं का वास्तविक लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके। बैठक के अंत में कलेक्टर श्री रणवीर शर्मा ने अधिकारियों से अपेक्षा व्यक्त की कि वे समन्वय, संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्य करते हुए जिले को सुशासन की दिशा में और अधिक सशक्त बनाएंगे।

### जिला पंचायत की सामान्य ...

योजनाओं एवं गतिविधियों की जानकारी, आबकारी विभाग, मंडी बोर्ड (निर्माण शाखा), स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग तथा श्रम विभाग की प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत किए गए प्रशासनिक व्यय एवं कार्यों की भी जानकारी प्रस्तुत की जाएगी। इसके अतिरिक्त अध्यक्ष, जिला पंचायत की अनुमति से अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा की जाएगी, जिससे जिले के विकास कार्यों को और अधिक गति दी जा सके। जिला पंचायत प्रशासन द्वारा सभी संबंधित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से अपील की गई है कि वे निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाएं। यह बैठक जिले में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, पारदर्शिता और जनहित से जुड़े निर्णयों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

---

**जनदर्शन में विभिन्न शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित प्राप्त हुए 16 आवेदन**

# कलेक्टर ने सुनी जनदर्शन में आमजनों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टरेट के दृष्टि सभा कक्ष में जनदर्शन आयोजित की गई। जिसमें जिले के अलग-अलग क्षेत्र के लोग अपनी-अपनी मांग, समस्याएं एवं शिकायतें लेकर आये। इस दौरान जनदर्शन में आने वाले सभी लोगों की समस्याओं का निराकरण भी किया गया।

जन चौपाल में कलेक्टर रणवीर शर्मा ने लोगों की समस्याओं को गौर से सुना और संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर और समक्ष बुलाकर संबंधित आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। कुछ आवेदन मौके पर ही निराकरण किए गए। आज जनदर्शन में विभिन्न शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित 16 आवेदन प्राप्त हुए। तात्कालिक महत्व की समस्याओं का जहां त्वरित निराकरण किया। वहीं गंभीर और जांच के आवेदनों को टीएल पंजी पर दर्ज करके, इनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अफसरों को दी।



### कलेक्टर ने सुनी समस्याएं

इस दौरान जनदर्शन में दूरदराज के गांवों से अपनी समस्याओं के समाधान हेतु पहुंचे लोगों में से तहसील नवागढ़ के ग्राम बेलटुकरी निवासी परमेश्वर बंजारे ने पंच के द्वारा शासकीय भुमि अवैध कब्जा कर घर बनाये जाने के संबंध मे आवेदन दिया, तहसील दाढ़ी के ग्राम सारंगपुर निवासी सुशील बंजारे ने घर का पानी निकासी बंद किये जाने एवं बंद निकासी को खुलवाये जाने के संबंध में आवेदन दिया, तहसील साजा निवासी ग्राम कुर्रा निवासी बसंता बाई ने प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि दिलाये जाने के संबंध में आवेदन दिया, तहसील बेरला के ग्राम सरदा निवासी कुन्ती धीवर, सुशीला साहू, टीकेश्वरी धीवर ने प्रधानमंत्री खाद्य प्रसंस्करण उद्यम औपचारिकीकरण को प्राथमिकता और इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के संबंध में आवेदन दिया, तहसील बेमेतरा के नयापारा वार्ड निवासी तेजकरण माहेश्वरी ने सरहद से अवैध रूप से अतिक्रमण हटाने के संबंध में आवेदन दिया, तहसील बेमेतरा के ग्राम पथर्रा निवासी रूखमणी बाई साहू ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास दिलाये जाने के संबंध में आवेदन दिया।

### कलेक्टर ने लोगों को दिलाया निराकरण का आश्वासन

इसके अलावा आम नागरिकों ने निराश्रित पेंशन दिलाने, बैटरी चलित ट्रायसायकल हेतु, प्रधानमंत्री आवास दिलाने, कटा हुआ रकबा जोड़ने, खाद गड्डा को हटाये जाने, आम रास्ता खुलवाने, वृद्धा पेंशन हेतु दिव्यांगता पेंशन दिलाये जाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए है। कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके निराकरण के लिए ग्रामीणों को आश्वासन दिलाया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रकाश कुमार भारद्वाज सहित विभिन्न विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

---

# उद्घाटन के बाद भी बेकार पड़ा नया तहसील भवन

**देवकर।** जनसुविधा के उद्देश्य से नगर के मध्य करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित नए तहसील भवन का उद्घाटन हुए महीनों बीत चुके हैं, लेकिन आज तक यहां तहसील कार्यालय का कामकाज शुरू नहीं हो सका है। नतीजतन, नगरवासी और आसपास के ग्रामीण आज भी पुराने तहसील कार्यालय तक 1–2 किलोमीटर की अनावश्यक दूरी तय करने को मजबूर हैं। इससे शासन की मंशा पर सवाल खड़े हो रहे हैं और जनहित का उद्देश्य अधूरा नजर आ रहा है। बताया जा रहा है कि पुराने तहसील कार्यालय के नगर से दूर होने के कारण बुजुर्गों, महिलाओं और किसानों को लंबे समय से भारी परेशानी झेलनी पड़ रही थी। इसी समस्या के समाधान के लिए नया भवन नगर के बीचो-बीच बनाया गया और उसका औपचारिक उद्घाटन भी कर दिया गया। लेकिन उद्घाटन के बाद भी भवन में ताला लटका हुआ है, जबकि सारा कामकाज अब भी पुराने भवन से ही संचालित किया जा रहा है।



### प्रशासन की यह चुप्पी समझ से परे

नागरिकों का कहना है कि जब नया भवन बनकर तैयार है और उद्घाटन भी हो चुका है, तो फिर कार्यालय शुरू करने में देरी क्यों? हर छोटे काम के लिए हमें रोजाना 2 किलोमीटर जाना पड़ता है। प्रशासन की यह चुप्पी समझ से परे है। नया तहसील भवन शुरू न होने का मामला अब नगर में गहन जनचर्चा का विषय बन गया है। क्षेत्रवासियों का स्पष्ट कहना है कि जनता के टैक्स से बना भवन यदि उपयोग में नहीं आ रहा, तो यह सीधे-सीधे संसाधनों की बर्बादी है।

देरी से नागरिकों में गहरा रोष व्याप्त है। क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर नए तहसील भवन में शीघ्र कार्यालय संचालन शुरू करने की मांग की है, ताकि आमजन को वास्तविक राहत मिल सके और सरकारी धन का सदुपयोग हो।

**खबर संक्षेप**

## जमीन फर्जीवाड़ा मामले में फरार आरोपी पकड़ाया

**भिलाई।** जमीन फर्जीवाड़ा करने के मामले में पांच साल से फरार आरोपी को दुर्ग पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि क्वाटर नं बी/7 स्टाफ कालोनी राजस्थान निवासी विजय कुमार और पत्नी मंजू कुमार ने सुपेला पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामले में जांच के दौरान दोषी पाए जाने वाले चार आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा था। इस मामले में कृष्णा नगर सुपेला निवासी मलेश्वर उर्फ मालेश राव फरार था। पुलिस ने गश्त के दौरान सूचना पकर उसे गिरफ्तार किया और न्यायिक हिरासत में भेजा। राठौर ने बताया कि घटना 2021 की है। पीड़ित ने शिकायत में बाताया कि राजू खान, बलदेव सिंह भांबरा व उसके साथियों ने मिलकर पटवारी हल्का नंबर 14, खसरा नंबर 2628/14 प्लाट नं 93 बी, 216 वर्गमीटर जमीन का फर्जीवाड़ा किया था। उस जमीन को शिकायतकर्ता ने साल 1994 में गृह निर्माण सहकारी समिति से खरीदा था। वर्ष 2020 में पीड़ित ने जब अपनी जमीन को आनलाइन चेक किया तो पाया कि वह जमीन दूसरे के नाम पर दिखा रही है।

### एसआईआर प्रक्रिया को लेकर कलेक्टर की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों की बैठक

# मतदाता सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया, दावा-आपत्ति और विशेष गहन पुनरीक्षण पर दी गई विस्तृत जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्टरेट स्थित दृष्टि सभाकक्ष में विशेष गहन पुनरीक्षण पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने की प्रक्रिया में सभी राजनीतिक दलों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना रहा।

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री शर्मा ने उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने, नाम हटाने, संशोधन, स्थानांतरण, दावा एवं आपत्ति की पूरी प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रेविशन ) का मुख्य उद्देश्य अपात्र मतदाताओं के नाम हटाना तथा पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में जोड़कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और अधिक मजबूत बनाना है।

### मतदाता सूची लोकतंत्र की नींवः कलेक्टर

कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि मतदाता सूची लोकतंत्र की नींव है और इसका शुद्ध एवं पारदर्शी होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने राजनीतिक दलों से अपील की कि वे अपने-अपने स्तर पर कार्यकर्ताओं के माध्यम से आम नागरिकों को एसआईआर प्रक्रिया की जानकारी दें, ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची में नाम जुड़वाने से वंचित न रह जाए। बैठक में कलेक्टर ने यह भी स्पष्ट किया कि नाम जोड़ने के लिए निर्धारित प्रपत्र, समय-सीमा, आवश्यक दस्तावेज तथा ऑनलाइन एवं ऑफलाइन प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। उन्होंने बताया कि बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर सत्यापन का कार्य कर रहे हैं और नागरिक भी स्वयं निर्वाचन आयोग के पोर्टल अथवा संबंधित कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं।

### विभिन्न बिंदुओं पर सुझावों पर भी हुई चर्चा

राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर सुझाव एवं जिज्ञासाएं भी रखी गईं, जिनका समाधान कलेक्टर श्री शर्मा एवं निर्वाचन शाखा के अधिकारियों द्वारा मौके पर ही किया गया। कलेक्टर ने सभी दलों से आग्रह किया कि एसआईआर कार्य को राजनीतिक दृष्टिकोण से नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक जिम्मेदारी के रूप में देखें और सहयोग प्रदान करें। उन्होंने यह भी कहा कि पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सभी प्रक्रियाएं निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार संचालित की जा रही हैं। किसी भी प्रकार की आपत्ति या शिकायत होने पर निर्धारित प्रक्रिया के तहत उसका निराकरण किया जाएगा। बैठक के अंत में कलेक्टर रणबीर शर्मा ने सभी राजनीतिक दलों का सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि सभी के सामूहिक प्रयास से ही एक सशक्त, निष्पक्ष और विश्वसनीय मतदाता सूची का निर्माण संभव है, जो लोकतंत्र को और अधिक मजबूत बनाएगी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज, उप जिला निर्वाचन अधिकारी दीप्ति वर्मा सहित संबंधित ईआरओ उपस्थित थे ।

# चंडी मंदिर में भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी ने किए दर्शन

### मातृशक्ति के उत्थान का लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी ने बेरला प्रवास के दौरान ग्राम नेवनारा स्थित चंडी मंदिर पहुँचकर माँ चंडी के दर्शन-पूजन किए। उनके साथ प्रदेश महिला मोर्चा की पदाधिकारी संगीता शर्मा ,पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी सहित भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। इस अवसर पर प्रदेश और राष्ट्र के उत्थान, महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए प्रदेश अध्यक्ष अवस्थी ने आशीर्वाद मांगा।

माँ चंडी के दरबार से महिला शक्ति को संगठित करने का स्पष्ट संदेश देते हुए विभा अवस्थी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसा राजनीतिक दल है जो नारी सम्मान, सुरक्षा और नेतृत्व को केवल नारों में नहीं, बल्कि ठोस नीतियों और निर्णयों के माध्यम से स्थापित कर रहा है।"माँ चंडी शक्ति, स्वाभिमान और राष्ट्र रक्षा की प्रतीक हैं। आज उनके दर्शन कर यह संकल्प और मजबूत हुआ है कि भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा हर बूथ, हर गाँव और हर परिवार तक नारी शक्ति को नेतृत्व की भूमिका में स्थापित करेगा। भाजपा सरकारों ने महिलाओं को आरक्षण, सुरक्षा, सम्मान और अवसर दिए हैं यही सुशासन की असली पहचान है।

पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी निर्वाणी ने बताया कि आज का यह दर्शन केवल धार्मिक आस्था नहीं, बल्कि सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और नारी शक्ति के पुनर्जागरण का प्रतीक है,भाजपा महिला मोर्चा महिलाओं को केवल मतदाता नहीं, बल्कि निर्णयकर्ता बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है। यह संगठन मातृशक्ति की असली आवाज़ है।

प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी का यह दौरा महिला मोर्चा के संगठन विस्तार की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। बेरला में आयोजित महिला मोर्चा के कार्यक्रम में उन्होंने कार्यकर्ताओं को आगामी चुनावी और संगठनात्मक दायित्वों के लिए तैयार रहने का आह्वान किया।

# राष्ट्रीय रग्बी प्रतियोगिता में हसदा की बेटियों का शानदार प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

अस्मिता रग्बी लीग प्रतियोगिता में स्वामी आत्मानंद स्कूल हसदा बेमेतरा की पांच खिलाड़ियों का चयन वेस्ट जोन, पटेल स्टेडियम, राजस्थान अजमेर में आयोजित राष्ट्रीय रग्बी प्रतियोगिता जो कि 12 से 14 दिसंबर 2025 तक राजस्थान अजमेर में आयोजित थी, जिसमें जूनियर बालिका रग्बी टीम को (ब्रोंज मेडल) तृतीय स्थान प्राप्त हुआ तथा टीम को अड़तालिस हजार रूपये का चेक प्रदान किया गया।

- स्वामी आत्मानंद स्कूल की 5 खिलाड़ी छत्तीसगढ़ टीम में चयनित, जूनियर बालिका टीम ने जीता ब्रांज मेडल

स्वामी आत्मानंद स्कूल हसदा बेमेतरा की पांच खिलाड़ियों का चयन छत्तीसगढ़ की जूनियर और सीनियर रग्बी टीम में हुआ था। जिसमें विजेता खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार हैं -टिकेश्वरी निर्मलकर,गोमती यादव, तुलेश्वरी धीवर, प्रेमलता साहू, ईशा निर्मलकर। जूनियर वर्ग बलिकाओ ने मध्यप्रदेश को 10/5 और महाराष्ट्र को 15/10 से वही राजस्थान को 10/10 और फिर सेमीफाइनल में प्रवेश किया तथा छत्तीसगढ़ की टीम ने गुजरात को 10/00 से हराकर ,तीसरे स्थान के लिए छत्तीसगढ़/डीएनएचडीडी टीम को एकतरफा मैच में 15/05 से हराकर प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन की बदोलत तृतीय स्थान प्राप्त किया है एवं सीनियर वर्ग बालिका टीम का पहला मुकाबला गुजरात / छत्तीसगढ़ से था जिसमें 5/00 से और महाराष्ट्र से 05/15 से जीता तथा सेमीफाइनल में राजस्थान से 10/00 हार का सामना करना पड़ा।

### खेल भावना व उत्कृष्ट खेल का किया प्रदर्शन

छत्तीसगढ़ टीम के सीनियर एवं जूनियर खिलाड़ियों ने दर्शकों व चयन कर्ताओं को आकर्षित किया तथा सभी ने अपनी खेल भावना व उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। इन सभी खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर व राज्य स्तरीय स्तर पर अनेकों बार अपने बेमेतरा, छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया है तथा अपने प्रदेश को गोल्ड मेडल, सिल्वर मेडल एवं ब्रोंज मेडल भी लाकर दिया है। स्कूल के व्यायाम शिक्षक लोकेश्वर् राव ने रग्बी खेल के महत्व को बताते हुए कहा रग्बी ना केवल शारीरिक ताकत और गति का खेल है, बल्कि यह टीम वर्क, अनुशासन, रणनीति,और आत्मविश्वास कि शिक्षा देता है। इस खेल के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के युवाओ को अवसर मिल रहे है। यह खेल नशा मुक्त स्वस्थ और सशक्त समाज निर्माण की दिशा मे महत्व पूर्ण भूमिका निभा रहा है।

### इन्होंने दी शुभकामनाएं

विजेता छत्तीसगढ़ टीम व कोच और खिलाड़ियों को विजेता होने पर स्वामी आत्मानंद स्कूल हसदा संस्था के प्राचार्य जे पी सिंह, दुष्यन्त कुमार परगनिहा, सरपंच चंद्रशेखर परगनिहा, बलि राम धीवर अध्यक्ष शाला विकास समिति, संध्या परगनिहा, लोकेश्वर राव, व्यायाम शिक्षक रामेश्वरी साहू, आकाश वर्मा ने खिलाड़ियों को अच्छे प्रदर्शन के लिए उन्हें ढेर सारी शुभकामनाएं प्रदान की।


online Booking:-www.tripuryatra.com




बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
05 शीटें शेष
राशि :- स्लीपर 20,500/-, 3 एसी-32,500/-, 2 एसी 38,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411



MARUTI SUZUKI ARENA

PRESENTING
VICTORIS
GOT IT ALL

मारूती की कार चौहान का वादा, ऑफर मिलेगा सबसे ज्यादा

Long Term Event Location
SUV Carnival, Adarsh Nagar
Durg. Ph. 79099 99315

INSURANCE FREE
Valid Till 31st Dec.




₹ Introductory Price 10.49 Lakh*

27.00* Km/Kg. CNG
28.65* Km/l Petrol Strong Hybrid CVT

AVAILABLE IN:
HYBRID | ALLGRIP | smart HYBRID | S-CNG

Deepak Advertisers



| Model | Price Hike | | Consumer Offer | | | Exchange Bonus | | | Old Car Price Reduction | Waiver Processing charges (Finance)* (F) | Total Additional Savings |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Ex Showroom (Highest selling variant) | Expected Price Hike(4%) | Dec'25 | Jan'26 | Reduction | Dec'25 | Jan'26 | Reduction | | | |
| Alto K10 | 4,77,400 | 20,000 | 35,000 | 10,000 | 25,000 | 15,000 | 10,000 | 5,000 | 40,000 | 2,600 | 92,600 |
| S-Presso | 4,79,900 | 20,000 | 25,000 | 10,000 | 15,000 | 15,000 | 10,000 | 5,000 | 90,000 | 2,600 | 1,32,600 |
| Celerio | 6,03,495 | 25,000 | 30,000 | 10,000 | 20,000 | 15,000 | 10,000 | 5,000 | 85,000 | 2,600 | 1,37,600 |
| WagonR | 5,28,618 | 20,000 | 35,000 | 10,000 | 25,000 | 15,000 | 10,000 | 5,000 | 50,000 | 2,600 | 1,02,600 |
| New Swift | 6,58,901 | 25,000 | 25,000 | 10,000 | 15,000 | 15,000 | 10,000 | 5,000 | 60,000 | 3,500 | 1,08,500 |
| Brezza | 9,20,780 | 35,000 | 10,000 | 0 | 10,000 | 15,000 | 10,000 | 5,000 | 1,10,000 | 3,500 | 1,63,500 |
| Ertiga | 9,85,579 | 40,000 | 0 | 0 | 0 | 10,000 | 0 | 10,000 | 90,000 | 3,500 | 1,43,500 |
| Eeco | 5,11,964 | 20,000 | 20,000 | 10,000 | 10,000 | 15,000 | 10,000 | 5,000 | 40,000 | 3,500 | 78,500 |
| New Dzire | 7,17,337 | 30,000 | 0 | 0 | 0 | 10,000 | 0 | 10,000 | 65,000 | 3,500 | 1,08,500 |
| Tour S | 6,87,197.73 | 30,000 | 0 | 0 | 0 | 15,000 | 0 | 15,000 | 50,000 | 3,500 | 98,500 |
| Victoris | 11,80,179 | 50,000 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3,500 | 53,500 |

TOTAL BENEFITS UPTO ₹1,63,500/-* *T&C APPLY

3 years 100 000 km WARRANTY* EXTENDABLE UPTO 6 YEARS

ARENA SAFETY SHIELD

CHOUHAN AUTOMOBILES LLP.
Authorised Dealer of Maruti Suzuki India Limited

भिलाई - दुर्ग राजनांदगांव बायपास, होटल इम्प्रीयन के पास. फोन- 7222910019, 7222910022, 7222910013, 7222910033, 7222910073
बेमेतरा - नवागढ़ चौक के पास, कवर्धा रोड़ फोन 7222910019, 7222910025, 7222910078
कवर्धा - ट्रासपोर्ट नगर, कृषि उपज मंडी के पास फोन 7222910019, 7222910044
पंडरिया - रहबा, कवर्धा रोड़, पंडरिया, फोन 7222910019, 7222910044
बालोद - झलमला चौक के पास, दुर्ग रोड़. फोन- 7222910019, 7222910029
दल्लीराजहरा -मेन रोड़, हीरो होड़ा शो रूम के पास फोन - 7222910019, 7222910029